# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–10 जुलाई 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में चार सौ बत्तीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत की दौ सौ सत्रह परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या में विकास की एक नई इबारत लिखी है। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या सोलर सिटी के रूप में स्थापित हो चुकी है।

**आज अयोध्या में भक्ति पथ हो, राम पथ हो, जन्मभूमि पथ हो, ये सभी अयोध्या की पहचान बन रहे हैं। जो सिंगल लेन था वो आज फोर लेन और सिक्स लेन की सड़कें हैं। चारों ओर से एयर कनेक्टिविटी, रेलवे की कनेक्टिविटी, रोड की कनेक्टिविटी आज अयोध्या को नई पहचान दिला रहा है।**

मुख्यमंत्री आज ही बस्ती में पांच सौ चार करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली सतहत्तर विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वहां के मंडलायुक्त अनिल ढींगरा और डीआईजी एस. चेनप्पा ने आज मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

**मंडलायुक्त और डीआईजी ने गोरखपुर के भटहट स्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। वहां संबंधित अधिकारियों को मंडलायुक्त ने 1000 व्यक्तियों की क्षमता वाले इस ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य में तेजी लाकर इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कल मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भटहट–बांसस्थान फोरलेन मार्ग के लोकार्पण कार्यक्रम के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल का भी जायजा लिया। वहां चल रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि जनसभा स्थल पर मौसम को देखते हुए आवागमन, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं डीआईजी एस. चेनप्पा ने पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए। आकाशवाणी समाचार के लिए जीएन चौबे गोरखपुर।**

**********

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से इंजन को नुकसान पहुंचने और वाहन के प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने संबंधी आशंकाओं को खारिज किया है। एक निजी समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में श्री पुरी ने कहा कि सरकार ई–85 ईंधन शुरू करने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह ईंधन मानक ई–20 पेट्रोल की तुलना में करीब 20 रुपये प्रति लीटर सस्ता होगा।

**********

केंद्र सरकार ने अल्कोहल की अधिक मात्रा वाली औषधियों के नियमन को और सख्त करने के लिए औषधि नियम, उन्नीस सौ पैंतालिस में संशोधन किया है। एक रिपोर्ट–

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इथाएल अल्कोहल युक्त औषधियों के लिए अनुसूची–के के तहत लाइसेंस अनिवार्यता से मिली मौजूदा छूट समाप्त कर दी है। मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, 30 मिलीलीटर से अधिक मात्रा में 12 प्रतिशत से अधिक इथाएल अल्कोहल वाली सभी औषधियों को अब छूट प्रदान नहीं की जाएगी। ऐसी औषधियों को औषधि और कॉस्मेटिक अधिनियम 1940 के अंतर्गत आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करना होगा। इस संशोधन से अल्कोहल युक्त औषधीय उत्पादों पर नियामक निगरानी और मजबूत होने की उम्मीद है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

प्रदेश सरकार ने बीती रात बीस आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। स्थानांतरित होने वाले अधिकारियों में बलिया, आजमगढ़, और इटावा जिले के मुख्य विकास अधिकारी–सीडीओ भी शामिल हैं। राकेश कुमार पटेल को आजमगढ़, आलोक कुमार को बलिया और संजय कुमार सिंह को इटावा का नया सीडीओ बनाया गया है।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित कई अन्य जिलों में आज रुक–रुक बारिश का सिलसिला जारी है। सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं और कहीं कहीं बूंदाबांदी का क्रम आज पूरे दिन जारी रहा। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ से जुड़े मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मौसम विभाग ने कल तक के लिए प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

***अगर आगे आने वाले दिनों में बात करें तो यह उत्तरोत्तर मध्य उत्तर प्रदेश और उसके बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर आगे बढ़ेगा यद्यपि यह उत्तरोत्तर कमजोर होता जाएगा परंतु इसके प्रभाव से सेंट्रल यूपी की तरफ आने पर और थोड़ा कमजोर होने पर वर्षा की मात्रा में थोड़ी कमी आएगी लेकिन भारी से बहुत भारी वर्षा का दौर पश्चिम उत्तर प्रदेश में 10 जुलाई को भी जारी रहेगा और इसके बाद 11 जुलाई को पश्चिम उत्तर प्रदेश में इसमें व्यापक तौर पर कमी आ जाएगी और तराई इलाकों में यह कहीं–कहीं भारी वर्षा तक सीमित हो जाएगा।***

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के पूर्वी जिलों में 14 जुलाई तक कहीं कहीं भारी बारिश की संभावना है।

**********